# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

दो दिन के दौरे पर कल वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह वहां के ताज होटल पर पहुंचकर आगामी चौबीस जून को प्रस्तावित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर तथा स्टाम्प राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री आज वाराणसी से गोरखपुर पहुंचे। गोरखपुर में वह श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये भाजपा के महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव के आवास पर गये। देवेश श्रीवास्तव का बीते दिनों हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया था।

**********

केंद्र सरकार ने देश के अलग अलग भागों में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कल केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ये प्रशिक्षण स्कूल देश के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे। उन्होनें कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। श्री गडकरी ने कहा कि देश में करीब बाईस लाख चालकों की कमी है।

***अभी ट्रक ड्राइवर के लिए, ये भी 18–18, 16–16 घंटे चलाते हैं। विदेशों में ऐसी सिस्टम है कि वो कार्ड डालता है और आठ घंटे हुए कि उसको उतरना ही पड़ता है, गाड़ी चालू नहीं होती, अब वो ला रहे हैं हम लोग। इसके बाद ट्रक और बसेज में कार्ड सिस्टम होगी। आठ घंटे होंगे तो गाड़ी चलेगी नहीं। सुप्रीम कोर्ट का भी एक निर्णय आया है, देश में 22 लाख ड्राइवरों की कमी है। तो हम दो हजार ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल हिन्दुस्तान के अलग–अलग जगह पर खोल रहे हैं। विशेष रूप से सोशियली इकोनॉमिकली बैकवर्ड ट्राइबल एरिया में पिछड़े हुए क्षेत्रों में ताकि वहां के लोग ड्राइविंग सीखें और उनको रोजगार मिले।***

**********

देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला लाया है। इस कडी में आज, हम सभी के लिए किफायती और स्वास्थ्य सेवा पर जानकारी दे रहे हैं।

***आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख पहलों ने लगभग 55 करोड़ लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। जबकि आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत, 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को आधुनिक बनाया है, जिसके अंतर्गत 78 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्वोत्तर में असम में पहले एम्स सहित कई राज्यों में एम्स की स्थापना और विस्तार, विकेंद्रीकरण और चिकित्सा शिक्षा के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान पहला मामला दर्ज होने से पहले हवाईअड्डों पर स्क्रीनिंग से लेकर वैक्सीन टास्क फोर्स का गठन और तुरंत देशव्यापी लॉकडाउन लगाने तक त्वरित और साहसिक कदम उठाए। इसके अलावा, कोविड प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुचारू रूप से वैक्सीन वितरण सुनिश्चित किया गया, 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी गईं, जबकि ई संजीवनी ने टेलीकंसल्टेशन को सक्षम बनाया, जिससे मरीज घर से चिकित्सकों से जुड़े रहे। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।***

**********

उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने लखनऊ के डॉक्टर राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में परिणाम जारी किये जाने की औपचारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड से बीएड प्रवेश परीक्षा परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में पहला स्थान मिर्जापुर के सूरज कुमार पटेल को प्राप्त हुआ है। श्री उपाध्याय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा कुल तीन लाख पांच हजार चार सौ उन्तालीस अभ्यर्थियों ने दी थी, जिनमें से तीन लाख चार हजार नौ सौ अस्सी अभ्यर्थी काउंसिलिंग के पात्र घोषित किये गये हैं।

**********

अयोध्या जिले में वन विभाग अड़तीस लाख पौधे लगवाएगा। इनमें से तेरह लाख दस हजार पौधे वन विभाग खुद लगाएगा। वहां के जिला वन अधिकारी प्रखर गुप्ता ने बताया कि इस बार पौधारोपण के जरिये जिले में सरदार बल्लभ भाई पटेल और अटल बिहारी वाजपेई जैसे महापुरूषों के नाम से वन स्थापित किए जाएंगे। इन वनों में पचास प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे।

**********

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में आज सुबह से ही आसमान में बादल छाये हुए हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी से लेकर हल्की वर्षा की खबर है। गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह की रिमझिम वर्षा के बाद बादलों के बीच से धूप निकली, जिसके चलते उमस बढ़ गयी। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुयी हैं। अगले अड़तालीस घंटे के दौरान कई स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

**********